भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 705
जिसका उत्तर दिनांक 20.12.2017 को दिया जाना है

**बांग्लादेश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र**

705. श्री ओम बिरला :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार रूस की सरकार के सहयोग से बांग्लादेश के रूपपुर में परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भारत सरकार द्वारा अनुमोदित निधि की राशि कितनी है और परियोजना को पूरा करने में अनुमानित कुल कितना व्यय होने की संभावना है;

(ग) क्या भारत और रूस अपने संबंध मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और तृतीय विश्व के देशों के विकास हेतु साथ काम करेंगे; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) भारत-बांगलादेश असैन्य नाभिकीय सहयोग करार पर दिनांक 08.04.2017 को हस्ताक्षर किए जाने के बाद परमाणु ऊर्जा विभाग के 'वैश्विक नाभिकीय ऊर्जा साझेदारी केंद्र' (जीसीएनईपी) और बांगलादेश एटॉमिक एनर्जी कमीशन (बीएईसी) ने, रूस के सहयोग से बांगलादेश में स्थापित किए जा रहे रूपपुर न्यूक्लियर पॉवर प्रोजेक्ट (आरएनपीपी) के लिए जीसीएनईपी द्वारा बीएईसी को तकनीकी/परामर्श तथा क्षमता निर्माण सहयोग दिए जाने के लिए अंतर-एजेन्सी करार किया।

(ख) उपरोक्त (क) के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता।

(ग) तथा (घ) वर्तमान में, ऐसा कोई करार, सरकार के विचाराधीन नहीं है।

*******